दैनिक
न्याय साक्षी

महत्वपूर्ण एवं खास

सीबीआई की तर्ज पर काम करें सीआईडी- ताम्रध्वज साहू

रायपुर (आरएनएस)। प्रदेश के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने सीआईडी अधिकारियों की आज बैठक लेकर उन्हें सीबीआई की तर्ज पर काम करने की नसीहत दी है। गृहमंत्री साहू ने आज यहां सीआईडी अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में प्रदेश के पुलिस महानिदेशक डीएम अवस्थी भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान साहू ने अधिकारियों से कहा कि वे भी सीबीआई की तर्ज पर काम करना शुरू करें। उन्होंने अधिकारियों को लंबित प्रकरणों को शीघ्र निपटारा करने के भी निर्देश दिए।

अवैध रुप से घर के बाहर पटाखा बेचते एक व्यक्ति गिरफ्तार, 9 कार्टून पटाखा जब्त

रायपुर (आरएनएस)। अवैध रुप से घर के बाहर पटाखा दुकान लगाकर बेचते पाये जाने पर डीडीनगर पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से 9 कार्टून पटाखा कीमत 70 हजार रुपये को जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर अविनाश बागड़ी 41 वर्ष पिता द्वारिका दास बागड़ी निवासी सुन्दर नगर में अवैध रूप से अपने घर के बाहर दुकान लगाकर पटाखा बिक्री करते पाये जाने पर उससे पटाखा बिक्री करने के सम्बध में कोई वैधानिक दस्तावेज या लायसेंस दिखाने की बात कही गई तो दुकानदार द्वारा पटाखा बिक्री करने के सम्बध किसी प्रकार का वैधानिक दस्तावेज या लायसेंस नही मिलने पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तारकर उसके पास से 09 नग खाकी रंग का कार्टुन मे रखा पटाखा जिसमे ताजमाहल लडी , रस्सी , रोशनी चकरी , अनार , राकेट , स्काई शार्ट , बुलेट बम सुतली बम आदि पटाखे को जब्त किया है। पटाखा का कुल कीमत करीबन 70 हजार रूपये आकी गई है।

जुआ खेलते 21 जुआरी गिरफ्तार, नगदी रुपये व ताश की पत्ती जब्त

» जुआरियों को अलग-अलग थाना क्षेत्र में जुआ खेलते पाये जाने पर पुलिस ने पकड़ा

रायपुर (आरएनएस)। दीपावली के नजदीक आते ही जुआरी जगह-जगह जुआ का फड़ लगाकर जुआ खेलना शुरू कर दिए हैं। वहीं जुआरियों को पकड़ने के लिए पुलिस भी अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार पुरानी बस्ती पुलिस ने कुशालपुर शीतला कालोनी पुरानी बस्ती में जुआ खेलने की सूचना पर सजल झा 27 वर्ष पिता आत्मानंद झा एवं अन्य तीन जुआरियों को जुआ खेलते पाए जाने पर गिरफ्तार कर उनके पास से 9 सौ रुपये नगदी व ताश की 52 पत्ती जब्त किया है। इसी तरह उरला थाना क्षेत्र के संतोष नगर बीरगांव में जुआ खेलने की सूचना पर पुलिस ने अतुल तिवारी 27 वर्ष पिता राजकिशोर तिवारी व अन्य सात जुआरियों को जुआ खेलते पाए जाने पर गिरफ्तार कर 7 हजार 1 सौ रुपये व ताश की पत्ती जब्त किया है। वहीं सेजबहार थाना क्षेत्र में पुराना बाजार चौक जुलूम के पास जुआ खेलने की सूचना पर पुलिस ने फड़ के अड्डे पर छापा मारकर सुखनंदन निषाद 50 वर्ष पिता विष्णु निषाद एवं अन्य चार जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके पास से नगदी 2 हजार 6 सौ 60 रुपये व ताश की 52 पत्ती जब्त किया है एवं माना कैंप थाना क्षेत्र में ओला टैक्सी स्टैंड एयरपोर्ट माना में पुलिस ने छापा मारकर जुआ खेलते छोटे सिंह गौर 30 वर्ष पिता राम लखन व अन्य तीन जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 2 हजार 1 सौ रुपये नगदी जब्त किया है। सभी जुआरियों के खिलाफ जुआ एक्ट की धारा 13 के तहत कार्रवाई की गई है।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा जारी रेटिंग में छत्तीसगढ़ के 12 कृषि विज्ञान केन्द्रों को 'ए' और 8 को 'बी' ग्रेड

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी श्रेष्ठता साबित की है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली द्वारा हाल ही में देश भर में संचालित 625 कृषि विज्ञान केन्द्रों की उनके काम-काज के मूल्यांकन के आधार पर जारी ताजा रेटिंग सूची में छत्तीसगढ़ के 12 कृषि विज्ञान केन्द्रों को 'ए' श्रेणी में और 8 कृषि विज्ञान केन्द्रों को 'बी' श्रेणी में रखा गया है। 'सी' और 'डी' श्रेणी में छत्तीसगढ़ का कोई भी कृषि विज्ञान केन्द्र नहीं है। इस सूची में 12वीं पंचवर्षीय योजना तक शुरू किये गये कृषि विज्ञान केन्द्रों को ही शामिल किया गया है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में संचालित 27 कृषि विज्ञान केन्द्रों का संचालन इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा किया जा रहा है। इनमें से छः कृषि विज्ञान केन्द्र तेरहवीं पंचवर्षीय योजना के तहत खोले गए हैं जिन्हें इस सूची में शामिल नहीं किया गया है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आई.सी.ए.आर.) नई दिल्ली द्वारा जारी कृषि विज्ञान केन्द्रों की रेटिंग सूची में छत्तीसगढ़ के बलरामपुर, बस्तर, दंतेवाड़ा, धमतरी, जांजगीर-चांपा, कबीरधाम, कोरिया, नारायणपुर, रायगढ़, राजनांदगांव, सूरजपुर और कांकेर कृषि विज्ञान केन्द्रों को 'ए' श्रेणी में रखा गया है जबकि भाटापारा-बलौदाबाजार, बीजापुर, बिलासपुर, दुर्ग, गरियाबंद, जशपुर, कोरबा और महासमुंद कृषि विज्ञान केन्द्रों को 'बी' श्रेणी में रखा गया है। उल्लेखनीय है कि कृषि विज्ञान केन्द्रों की यह रेटिंग उनके द्वारा पिछले पांच वर्षों में किये गए कार्यों के मूल्यांकन के आधार पर जारी की जाती है। इनके मूल्यांकन में अधोसंरचना पर 15 प्रतिशत अंक, तकनीकी आंकलन प्रसार एवं प्रशिक्षण पर 35 प्रतिशत अंक, मुख्य गतिविधियों के प्रभाव पर 30 प्रतिशत अंक तथा सहायक गतिविधियों एवं पुरस्कारों पर 20 प्रतिशत अंक रखे गये हैं।

पूर्व आईएस ओपी चौधरी के खिलाफ खेतान कमिटी की जांच पर हाइकोर्ट ने लगाई रोक

बिलासपुर (आरएनएस)। पूर्व आईएएस और मौजुदा समय में भाजपा नेता ओ पी चौधरी को हाईकोर्ट से राहत मिली है। ओपी चौधरी के ख़िलाफ़ राज्य सरकार ने कमिश्नर ऑफ़ इंक्वारी एक्ट के तहत सी के खेतान को जाँच सौंपी थी, हाईकोर्ट ने उस जाँच पर रोक लगा दी है। दंतेवाड़ा कलेक्टर रहे ओपी चौधरी पर आरोप लगाया गया था कि, ज़मीन के अदला बदली में नियमों की अवहेलना की गई है। हाईकोर्ट ने इस मामले में पूर्व दायर रिट 53/2014 की सुनवाई करते हुए 15 सितंबर 2016 को आदेशित किया था कि, राज्य सरकार जाँच करे। इस आदेश के परिपालन में राज्य सरकार ने आदेश जारी किया और जस्टिस टी पी शर्मा को जाँच की जवाबदेही सौंप दी गई। राज्य में जबकि कांग्रेस सरकार अस्तित्व में आई तो सरकार ने 29 मई को कमिश्नर ऑफ़ इन्क्वायरी एक्ट के तहत पुरानी जाँच के चलते हुए नई जाँच समिति सी के खेतान की अध्यक्षता में बनी दी।

दस हजार रुपए रिश्वत लेते महिला पटवारी गिरफ्तार

» एसीबी की टीम ने की कार्यवाही

बेमेतरा (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के बेमेतरा में एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने आज जिला मुख्यालय में दबिश दी है,और एक महिला पटवारी को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा है। एसीबी की टीम ने बेमेतरा निवासी दूल्हा साहू की शिकायत पर कार्यवाही की है। दूल्हा साहू के मुताबिक पटवारी आकांशा मेमन ने जमीन के नकल व खसरा के लिए 10 हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी। जिसकी शिकायत उन्होने 30 सितम्बर को रायपुर स्थित एसीबी के दफ्तर में की थी।

एसीबी ने दूल्हा साहू की शिकायत की तस्दीक करते हुए..आज बेमेतरा स्थित पटवारी हल्का 49 के कार्यालय में दबिश दी..और 7 हजार की रिश्वत लेते पटवारी को पकड़ा ।

शासकीय चिकित्सकों का स्थानांतरण आदेश जारी

रायपुर (आरएनएस)। राज्य के विभिन्न जिलों के शासकीय अस्पतालों में पदस्थ चिकित्सकों का तबादला कर दिया गया है। सोमवार स्वास्थ्य मंत्रालय से तबादला आदेश में 16 चिकित्सकों को इधर से उधर किया गया है।

जिन चिकित्सकों का तबादला किया गया है उनमें, डा. आदित्य केकती नारायणपुर से कांकेर, डा. रमेश कुमार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामानुजगंज से जिला चिकित्सालय बलरामपुर, डा. उषा आर्मो सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लैलूंगा रायगढ़ से जिला चिकित्सालय बेमेतरा, डा. राजेंद्र प्रसाद प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सरिया जिला रायगढ़ से चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर, डा. आशुतोष गुप्ता सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मगरलोड जिला धमतरी से जिला चिकित्सालय रायपुर, डा. मनीष कुमार मेश्राम जिला चिकित्सालय दंतेवाड़ा से जिला चिकित्सालय जगदलपुर, डा. संजय अग्रवाल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरमकेला जिला रायगढ़ से जिला चिकित्सालय मुंगेली, डा. मृत्युंजय सराफ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुडी मरवाही जिला बिलासपुर से जिला चिकित्सालय बेमेतरा, डा. योगेन्द्र कुमार वर्मा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पलारी जिला बलौदाबाजार से जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार, डा. राकेश कुमार पटेल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घरघोड़ा जिला रायगढ़ से जिला चिकित्सालय रायपुर, डा. पदमा लोचन पटेल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जिला रायगढ़ को जिला चिकित्सालय रायगढ़, डा. नीरज कुमार शर्मा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जिला कांकेर को जिला चिकित्सालय कोण्डागांव, डा. योगेन्द्र चौहान जिला चिकित्सालय बैकुंडपुर जिला कोरिया को जिला चिकित्सालय जिला कोरिया का स्थानांतरण किया गया है।

गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने अपराध अनुसंधान विभाग के कार्यों की समीक्षा की

रायपुर (आरएनएस)। प्रदेश के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने आज अपने रायपुर निवास कार्यालय में पुलिस मुख्यालय अपराध अनुसधान विभाग (सीआईडी) शाखा के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने सीआईडी शाखा में लंबित शिकायतों एवं महत्वपूर्ण अपराधों की समीक्षा की और उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने सीआईडी शाखा को प्रदेश के जिलों के लंबित अपराधों के निराकरण के लिये भी समन्वय स्थापित कर प्रकरणों को निराकृत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में पुलिस महानिदेशक डी.एम. अवस्थी ने गृह मंत्री को सीआईडी के कार्यप्रणाली से अवगत कराया और उनके मंशा के अनुरूप अपराध अनुसंधान शाखा के कार्य को और अधिक बेहतर ढंग से करने तथा आधुनिक प्रणाली का उपयोग करते हुये अपराधों को सुलझाने के लिये बैठक में उपस्थित पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए।

आवश्यकता है
CAREER SCHOOL
अंग्रेजी माध्यम (English Medium)
में कक्षा 8 वीं, 9वीं एवं 10वीं के लिए
गणित एवं अंग्रेजी विषय हेतु अनुभवी
एवं योग्य शिक्षकों की आवश्यकता है।
वेतन योग्यतानुसार
मिलने का समय- सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे
अभ्यार्थी अपना संपूर्ण बायोडाटा के साथ उपस्थित होवें।
CAREER SCHOOL
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, रायगढ़

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐक्ता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी तकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्त, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, बच्चों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक दृष्टि के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करवाएगा।

पढ़िए ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL
स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996
पिछले 22 वर्षो से लगातार बच्चों के साथ...
ADMISSION OPEN
ENGLISH MEDIUM
For Nuresery to 10th
Topper Students Last Session
Tarun 90%
Yamini 98%
Shraddha 93%
Priyanka 96%
Prerna 84%
Hirendra 99%
Akanksha 90%
Geetanjali 99%
Chetna 94%
Arpita 93%
Arpita 98%
Rakesh 97%
Sejal 88%
Shiva 97%
Sushant 92%
Prince 97%
Kusum 98%
Abhishek 99%
Ayush 93%
Prachi 97%
Tulika 96%
Pari 96%
Aradhya 97%
Ananya 99%
Ashish 96%
Ankita 99%
Join CAREER...
Major Facts
1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....
CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग
वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिग जॉब हेतु सम्पर्क करें....
न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की
खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं.
9039961090